भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1575

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

थूथुकुडी-तिरुनेलवेली एनएच-138

1575. श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को वागईकुलम टोल प्लाजा पर शत-प्रतिशत पथ कर संग्रह के बावजूद, एनएचएआई द्वारा थूथुकुडी-तिरुनेलवेली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-138 के खराब अनुरक्षण के कारण होने वाली समस्याओं की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा उक्त मुद्दे के समाधान, अनुचित उपयोगकर्ता शुल्क प्रणाली को रोकने और सड़क का उचित अनुरक्षण सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ग) एनएच-138 के विकास के लिए कितनी पूंजीगत लागत आई है और वागईकुलम टोल प्लाजा पर अब तक कितनी राशि एकत्र की गई है; और

(घ) वागईकुलम टोल प्लाजा द्वारा परिचालन कब तक जारी रखने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) 50 मिमी डीबीएम और 30 मिमी बीसी उपलब्ध करा कर खंड का प्रमुख अनुरक्षण कार्य अगस्त, 2024 में पूरा हो गया है। इसके अलावा, घटना प्रबंधन के प्रावधान सहित नियमित रखरखाव गतिविधियां ओ एंड एम एजेंसी के माध्यम से की जा रही हैं और राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा)-138 के थूथुकुडी-तिरुनेलवेली खंड को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखा गया है।

(ख) और (घ) रारा-138 के थूथुकुडी-तिरुनेलवेली खंड के लिए प्रयोक्ता शुल्क समय-समय पर यथा संशोधित राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमावली, 2008 के प्रावधानों के अनुसार एकत्रित किया जा रहा है।

(ग) रारा-138 के तिरुनेलवेली-थूथुकुडी खंड के विकास और रखरखाव पर व्यय की गई पूंजीगत लागत और वागईकुलम शुल्क प्लाजा पर प्रयोक्ता शुल्क के रूप में एकत्रित राशि निम्नानुसार है:

विकास और रखरखाव पर व्यय की गई कुल पूंजीगत लागत	कुल राशि (करोड़ रुपये में)	टिप्पणियां
	568.14	501.65
प्रयोक्ता शुल्क के रूप में एकत्रित कुल राशि	219.00	इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए पूंजीगत लागत हेतु लिए गए उधार पर ब्याज शामिल नहीं है।

*****